


## पूजा बनर्जी–कुणाल वर्मा ने बेटे के जन्म के 1 साल बाद गोवा में की शादी

टीवी शो श्जय मां वैष्णो देवीश में नजर आईं ऐक्ट्रेस पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा ने दोबारा शादी कर ली है। कोरोना महामारी के कारण साल 2020 में कई सेलेब्स शादी नहीं कर पाए थे। पूजा बनर्जी और कुणाल वर्मा भी बीते साल अप्रैल में शादी करने वाले थे। लेकिन कोविड के कारण पूरे प्लान पर पानी फिर गया। हालांकि बाद में पूजा और कुणाल ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। अक्टूबर 2020 में पूजा बनर्जी ने एक प्यारे से बेटे को भी जन्म दिया। अब पूजा बनर्जी ने कुणाल वर्मा से दोबारा शादी कर ली है। दोनों ने 15 नवंबर को गोवा में बीच वेडिंग की। पूजा ने बंगाली रीति–रिवाज से कुणाल वर्मा के साथ शादी की। उन्होंने पालकी में बैठकर वेडिंग वेन्यू में एंट्री की। वहीं दूल्हे राजा यानी कुणाल वर्मा घोड़ी पर बैठकर पहुंचे। 15 नवंबर को ही पूजा बनर्जी की हल्दी सेरिमनी हुई, जिसमें उन्होंने येलो और रेड कलर की साड़ी पहनी। पूजा बनर्जी की शादी में करीबी दोस्त और फैमिली मेंबर्स शामिल हुए। ऐक्ट्रेस मोनालिसा भी पूजा बनर्जी की शादी की रस्मों का हिस्सा बनीं। मोनालिसा, पूजा बनर्जी की बेस्ट फ्रेंड हैं। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पूजा और कुणाल की शादी से कई तस्वीरें शेयर की हैं।

## उड़ते हेलिकॉप्टर के अंदर आ रही हवा से बनाए हेयर कर्ल

अक्षय कुमार ने जैकलीन फर्नांडिस का एक जुगाड़ वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह उड़ते हेलिकॉप्टर के अंदर खिड़की से आ रहे हवा से अपने बालों को संवारती दिख रही हैं। जैकलीन का यह वीडियो काफी मजेदार है, जिसपर फैन्स भी काफी फनी कॉमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने अपनी फिल्म श्राम सेतुश की को–स्टार जैकलीन का मजेदार वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में चॉपर के अंदर खिड़की से तेज हवा के फ्लो की मदद से जैकलीन अपने बालों के कर्व बनाती दिख रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैकलीन और अक्षय चॉपर से इस फिल्म की शूटिंग के लिए दमन रवाना हुए है। जैकलीन का यह वीडियो शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने इसे जैकलीन को कर्टसी देते हुए इसे उनका जुगाड़ बताया है। अक्षय ने लिखा है, श्देखिए और सीखिए के आसमान के बीच उड़ते हेलिकॉप्टर में आप अपने बालों को कैसे कर्ल कर सकती हैं।

## ऐक्ट्रेस निकिता शर्मा ने उत्तराखंड के इस मंदिर में गुपचुप लिए फेरे



एक तरफ जहां हाल ही राजकुमार राव और पत्रलेखा शादी के बंध में बंध गए, वहीं श्रद्धा आर्या भी शादी कर रही हैं। इसी बीच ऐक्ट्रेस निकिता शर्मा ने भी सात फेरे ले लिए हैं। स्वरागिनी टीवी शो में नजर आईं निकिता शर्मा ने अपने होमटाउन उत्तराखंड में एक शिव मंदिर में रोहनदीप सिंह के साथ शादी की। ऐक्ट्रेस ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। निकिता शर्मा ने बहुत ही सिंपल तरीके से शादी की, जिसमें सिर्फ परिवार के लोग ही शामिल हुए। दुल्हन बनीं निकिता शर्मा ने लाल साड़ी पहनी थी। निकिता की शादी 14 नवंबर को हुई और इसकी अनाउंसमेंट उन्होंने सोशल मीडिया पर की। निकिता शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शादी की तस्वीरें शेयर कर लिखा है, 14.11.2021...लाइफ के लिए हुक और बुक। मिस से लेकर मिसेज तक...महादेव के आशीर्वाद से नई जिंदगी शुरू कर रही हूं। हमने त्रियुगीनारायण मंदिर में शादी की। इसी मंदिर में महादेव और माता पार्वती ने धनंजय अग्निकुंड में शादी की थी। हर हर महादेव। निकिता शर्मा के अलावा कई और सेलेब्स इस साल शादी करने को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें पूजा बनर्जी–कुणाल वर्मा, सायंतनी घोष, संजय गगनानी–पूनम प्रीत का नाम शामिल है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# दुल्हन बनीं पत्रलेखा के घूंघट पर बंगाली में लिखे थे खास शब्द



*मुबारक हो तुमको यह शादी तुम्हारी, सदा खुश रहो तुम दुआ है हमारी... साल की सबसे चर्चित शादियों में से एक बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड पत्रलेखा पॉल से बीती शाम यानी 15 नवंबर को शादी रचा ली है। 11 साल से रिलेशनशिप में रहे इस कपल ने न केवल बहुत खूबसूरती के साथ अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की बल्कि विवाह की रस्मों को पूरा करते वक्त दोनों एक–दूसरे के प्यार में मदहोश भी दिखे। इस दौरान दोनों के चेहरे की खुशी साफ बता रही थी कि वह एक–दूसरे को अपना बनाकर कितना खुश हैं।*


इस कपल ने शादी करने के लिए दिल्ली–मुंबई नहीं बल्कि पंजाब के चंडीगढ़ शहर को चुना था, जहां स्थित श्द ओबरॉय सुखविलासश में राजकुमार राव पत्रलेखा पॉल ने एक–दूसरे को अपना बनाया। दोनों ने अपनी शादी के सभी फंक्शन्स को बहुत ही प्राइवेट रखा था, जिसकी तस्वीरें भी एक–एक करके अब सामने आ चुकी हैं। हालांकि, सात फेरे लेने के लिए इस न्यूली वेड ने अपने लिए ऐसे क्लोद्स चुने थे, जिसमें उनके लुक पर आपकी भी नजरें हटने का नाम नहीं लेंगीं।

**इस डिजाइनर ने किए डिजाइन**

दरअसल, अपनी शादी के मुख्य फंक्शन के लिए राजकुमार राव और पत्रलेखा ने एक–दूसरे को कंट्रास्ट करते हुए ऑउटफिट्स को वेअर किया था, जिसमें ऑफ वाइट जरदोजी कढ़ाई वाली शेरवानी में राजकुमार थे, तो वहीं लाल जोड़े में सजीं पत्रलेखा गजब की सुंदर लग रही थीं। अपने बड़े दिन के लिए दोनों ने वाइट एंड रेड क्लासिक कलर्स को पहनने का मन बनाया था, जिस पर मेटैलिक गोल्ड से रिच एम्ब्रोइडरी की गई थी। अनुष्का–विराट, दीपिका–रणवीर की तरह इस कपल के कपड़े भी इंडियन फेमस फैशन डिजाइनर सब्यसाची ने ही डिजाइन किए थे।

**दुल्हन जंच रही पूरी की पूरी**

विवाह की सभी रस्मों को पूरा करने के लिए राजकुमार राव की दुल्हनिया पत्रलेखा ने रेड कलर की साड़ी पहनी थी, जिसे उन्होंने



मैचिंग के घूंघट के साथ टीमअप किया था। पत्रलेखा के इस साड़ी में पूरी तरह से हाथ का काम किया गया था, जिसे जरी–जरदोजी के साथ खूबसूरत टच दिया गया। ऑउटफिट का बेस एकदम साधारण रखा था, जिस पर मॉडर्न डिजाइन एंड पैटर्न को उकेरा गया था।

वहीं अपने पहनावे को कम्पलीट करने के लिए पत्रलेखा ने डीप नेकलाइन वाला ब्लाउज चुना था, जिसमें स्कैलप्ड डिटेलिंग क्रिएट की थी। चोली को बैक से फुल कवर किया था, जिसमें बनी हाफ स्लीव्स अदाकारा की मेहंदी एंड चूड़े को बढ़िया से फ्लॉन्ट कराने में मदद कर रही थीं।

**घूघंट पर लिखें शब्द बेहद खास**

अपने ब्राइडल अवतार को कम्पलीट करने के लिए पत्रलेखा ने खुद को सिंपल और मिनिमलिस्टिक टच दिया था, जिसके लिए उन्होंने सब्यसाची के हेरिटेज जूलरी कलेक्शन से 22K गोल्ड–एमरल्ड, पर्ल एंड कुंदन से बने गहने चुने थे। नई दुल्हन ने जड़ाऊ स्टेटमेंट गोल्ड नेकपीस पहना था, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग की माथा पट्टी एंड हेवी झुमके मैच किए थे। वहीं पूरे लुक के स्टाइल कोशंट को जबरदस्त तरीके से बढ़ाने का काम लाल रंग का ऑर्गेंजा सिल्क वाला घूघंट कर रहा था, जिस पर बंगाली कविता के शब्द " प्रिंटेड थे, जिसका हिंदी अर्थ मैं अपना पूरा प्यार आपको समर्पित करता हूं लिखे थे। बता दें कि पत्रलेखा बंगाली परिवार से आती है, जिसकी वजह से उन्होंने अपनी शादी में बंगाली रीति–रिवाजों को प्राथमिकता दी थी।

# आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा की रिलीज टली?

*जब से बॉलिवुड स्टार आमिर खान की आने वाली फिल्म लाल सिंह चड्ढा की घोषणा हुई है तभी से यह सुर्खियों में रही है। यह फिल्म लंबे समय से बन रही है और आमिर के फैन्स इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब माना जा रहा है कि फैन्स का यह इंतजार और लंबा होने जा रहा है। खबर है कि इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म को अगले साल के लिए टाल दिया गया है।*



बॉलिवुड हंगामा की एक रिपोर्ट की मानें तो अब यह फिल्म अगले साल 14 अप्रैल 2022 के दिन रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से बताया गया है कि लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की उम्र और लुक में बदलाव के लिए भारी–भरकम वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है। इसके चलते इसके पोस्ट प्रॉडक्शन में सामान्य से ज्यादा समय लगने वाला है। इसे देखते हुए क्रिसमस के मौके पर इसकी रिलीज को टाल दिया गया है।

अब अगर ऐसा होता है तो बॉक्स ऑफिस पर लाल सिंह चड्ढा का क्लैश केजीएफ 2 से होने वाला है जिसके पहले पार्ट को साउथ ही नहीं बल्कि हिंदी ऑडियंस ने भी काफी पसंद किया गया था। अगर इस क्लैश को आमिर की टीम रोकना चाहती है तो वह 28 अप्रैल 2022 को ईद के मौके पर भी लाल सिंह चड्ढा को रिलीज कर सकती है। कहा जा रहा है कि इस दिन के लिए भी आमिर खान अपने दोस्त साजिद नाडियाडवाला और अजय देवगन से उनकी फिल्म हीरोपंती 2 और मेडे की रिलीज की तारीख पर बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल यह फिल्म शायद अब क्रिसमस या 11 फरवरी 2022 के मौके पर रिलीज नहीं होगी। अद्वैत चंदन के डायरेक्शन में बनने वाली लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान के साथ करीना कपूर और नागा चैतन्य मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। नागा चैतन्य इस फिल्म से हिंदी फिल्मों में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म 1994 में आई ऑस्कर विनिंग हॉलिवुड फिल्म फॉरेस्ट गम्प का हिंदी अडैप्टेशन है जिसमें लीड रोल टॉम हैंक्स ने निभाया था।